जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/प्रशा0/स्था0/2012/1196 दिनांक :12.06.12

चेतावनी पत्र

प्रति,

समस्त संबंधित प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त संबंधित महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर से सम्बद्ध

विषयः– बी.कॉम.षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा मई, 2012 के PR/CCE/PROJECT के सम्पूर्ण ऑनलाईन अपडेट अंक सलंग्न कर विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा वि.वि.कार्यालय में जमा कराये जाने बावत्

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित हुई बी. कॉम.षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा मई, 2012 की मुख्य परीक्षायें समाप्त हो चुकी है. विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा PR/CCE/PROJECT के सम्पूर्ण ऑनलाईन अपडेट (F/CF) अंक अब तक वि.वि. कार्यालय में जमा नही गये हैं, जिससे परिणाम घोषित करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है. जबकि उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन से स्पष्ट निर्देश है कि उक्त समस्त परीक्षओं का परिणाम शीघ्रतिशीघ्र घोषित किया जाना है

अतः, संबंधित परीक्षा में सम्मिलित छात्र–छात्राओं के PR/CCE/PROJECT परीक्षाओं के समस्त अंक ऑनलाईन अपडेट किये हुये (F/CF) अंकों की मूल प्रतियां एवं प्रोजेक्ट परीक्षा के हस्तलिखित अकों की मूलप्रति दिनांक 14.6.2012 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराये, ताकि आपके महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके, यदि निश्चित समयावधि में उक्त अंकों को जमा नही कराया जाता है, तो आपके महाविद्यालय के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित नही किया जावेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व समंबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा साथ ही कठोर आर्थिक दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी.

परीक्षा के आवश्यक कार्य में आपका सहयोग अपेक्षित है.

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1.आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन,भोपाल
2कुलपतिजी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर
3.कुलसचिव के निजी सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)